# अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत काजरी, प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर में किसानों को रबी में उन्नत बीजों का वितरण

भा.कृ.अनु.प. – केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर में अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत 17 एवं 23 अक्टूबर 2025 को रबी ऋतु में अनुसूचित जाति के किसानों को सरसों के उन्नत किस्म के बीजों का वितरण किया। यह वितरण किसानों के खेत में दो बीघा जमीन में प्रदर्शन करने के लिए किया गया। इस योजना के अन्तर्गत बदरासर एवं पेमासर गांव (बीकानेर तहसील), सालासर एवं नाईयों की बस्ती (श्री कोलायत तहसील) से 74 किसानों को इस योजना द्वारा लाभान्वित किया गया। इस योजना में 74 किसानों (1 महिला एवं 73 पुरूष) को सरसों के 296 किलो ग्राम बीज दिया गया। बीज वितरण का यह कार्यक्रम प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर के अध्यक्ष डॉ. नवरतन पंवार के निर्देशन में किया गया। अनुसूचित जाति उप योजना के समन्वयक डॉ. गोपाल लाल बागड़ी, प्रधान वैज्ञानिक ने अनुसूचित जाति उप योजना के बारे में बतातें हुये किसानों को बारानी एवं सिंचित खेती की उन्नत तकनीकी के बारे में अवगत कराया और संस्थान द्वारा इस योजना में किसानों को अधिक से अधिक लाभ देने की कोशिश सतत की जा रही है। इस कार्यक्रम को आयोजित करने में डॉ. सीताराम तकनिकी अधिकारी सहयोग प्रदान किया।



